जागरण

# पुलिस ने पकड़ी नकली केश ऑयल की फैक्ट्री

Publish Date:Mon, 10 Sep 2018 10:43 PM (IST)



हसनपुर : कोतवाली पुलिस के हाथ सोमवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। निहार शांति आंवला केश ऑयल बनाने वाली मुंबई की मैरीको लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों के साथ पुलिस ने छापा मारकर नकली केश ऑयल कंपनी का भंडाफोड़ कर किया। लाखों का माल बरामद कर पिता- पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पिछले कुछ महीनों से अचानक उक्त केश ऑयल की बिक्री में तेजी से गिरावट आई तो कंपनी के अधिकारियों के कान खडे हो गए। मैरीको लिमिटेड मुंबई के मुख्य जांच कर्ता जीतू शर्मा एवं जांचकर्ता रोकी कुमार पिछले दो महीने से नकली केश ऑयल बनने के मामले की जांच कर रहे थे। सोमवार को सूचना मिलने पर उन्होंने कोतवाली पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने कंपनी के जांचकर्ताओं के साथ कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में शौकीन के घर छापा मारा तो वहां पर उक्त कंपनी के ट्रेड मार्का का नकली तेल बनता मिला।

कंपनी के मुख्य जांच कर्ता जीतू शर्मा के मुताबिक 15 से 20 लाख का माल तैयार करने हेतु तैयार उनके ट्रेड मार्क के रेपर, बड़ी तादाद में तैयार केश ऑयल व खाली शीशी बरामद कर ली गई हैं। पुलिस ने मुख्य जांच कर्ता जीतू शर्मा की तहरीर पर शौकीन व उसके पुत्र इकराम उर्फ इतराफ के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा कायम किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय प्रताप ¨सह ने पिता- पुत्र के विरुद्ध मुकदमा कायम करने की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द आरोपितों को गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/amroha-city-police-caught-fake-hair-oil-factory-18412286.html